**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# इरेडा की 17वीं हितधारकों की बैठक: सीएमडी ने परिसंपत्ति गुणवत्ता बनाए रखने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया



नई दिल्ली, 23 अगस्त 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज अपनी 17वीं हितधारकों की बातचीत बैठक आयोजित की, जिसमें अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्यावहारिक चर्चा की गई। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास की अध्यक्षता में आयोजित वर्चुअल मीटिंग में सभी अक्षय ऊर्जा क्षेत्रों के उधारकर्ताओं की व्यापक भागीदारी देखी गई।

अपने आरंभिक संदेश में, श्री प्रदीप कुमार दास ने उच्च परिसंपत्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि, "हम अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं और अपने ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों का साथ देते रहेंगे, क्योंकि हम वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से 500 गीगावाट की स्थापित बिजली क्षमता के देश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास कर रहे हैं।"




इस बातचीत बैठक में इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती और इरेडा के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया, जिससे चर्चा और भी गहन हो गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण के साथ हुई जिसमें जून 2024 तक इरेडा के ऐतिहासिक वित्तीय प्रदर्शन के साथ-साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में हाल ही में की गई व्यावसायिक पहलों और हाल में ही की गई प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

इस कार्यक्रम की एक उल्लेखनीय विशेषता 6 मई 2024 को आयोजित पिछली बातचीत के दौरान प्राप्त प्रमुख सुझावों पर प्रस्तुत की गई कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) थी। इन सुझावों में कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के लिए ऋण की व्यवस्था शुरू करना, ऋण दस्तावेजों पर डिजिटल हस्ताक्षर करना

और हाइड्रो सेक्टर आदि के लिए इक्विटी फंडिंग या अल्पकालिक फंडिंग पर विचार करना आदि शामिल थे।

अपना आभार व्यक्त करते हुए, सीएमडी ने इरेडा के व्यापारिक भागीदारों को उनके बहुमूल्य फीडबैक और सुझावों के लिए धन्यवाद दिया, जोकि  पिछले चार वर्षों में कंपनी की ऐतिहासिक वृद्धि में सहायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि, "कंपनी की लिस्टिंग के बाद, हमारी जिम्मेदारी सिर्फ हमारे ग्राहकों तक ही सीमित नहीं है; बल्कि हम अपने निवेशकों के प्रति भी उतने ही जवाबदेह हैं," उन्होंने अपने निवेशकों द्वारा इरेडा पर रखे गए निरंतर विश्वास और भरोसे को नोट किया।




इस संवाद में सौर, पवन, जलविद्युत, जैव ऊर्जा और उभरती हुई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के उधारकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जोकि इस क्षेत्र-विशिष्ट विषयों , राज्य नीतियों और अन्य चुनौतियों के बारे में उत्पादक चर्चाओं में शामिल हुए। कई ग्राहकों ने व्यापार करने में आसानी, कागज रहित प्रक्रियाओं और तेजी से ऋण स्वीकृतियों और संवितरण के लिए इरेडा की प्रशंसा की।

इस  चर्चा के दौरान ग्राहकों द्वारा साझा की गई मूल्यवान अंतर्दृष्टि और सुझावों से देश के हरित ऊर्जा भविष्य में परिवर्तन का समर्थन करने के लिए  इरेडा को काफी सपोर्ट मिलने की उम्मीद है।